# "स्पंदन"
## समाचार - पत्रिका

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास (अजमेर) का त्रैमासिक समाचार पत्र
(सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था पंजीयन सं. 19/अजमेर/87-88)

केवल निजी वितरण हेतु | संयुक्त अंक (54) वर्ष (17) | जनवरी 2022 से मार्च 2022


## नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

*नववर्ष नई सौगातें और संकल्प लेकर आता है। नये संकल्प, नई ऊर्जा और चेतना का विकास करते हैं। यह नई ऊर्जा और चेतना प्रत्येक मनुष्य के विकास और आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। संस्था के नये संकल्प हैं कि "हम दिव्यांगजन को पहले से बेहतर सेवाएं दे पाएं। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाते हुए सशक्त कर पाएं।" ये संकल्प तभी सच हो सकते हैं जब हम सब मिलकर कार्य करें और समय-समय पर किए गए कार्यों का मूल्यांकन करते आवश्यक बदलाव भी करते रहें।*

*नववर्ष की नई संकल्पनाओं को लेकर कार्य करें और कोविड-19 में समुदाय को हुए नुकसान को भूलकर नये लक्ष्यों और उपलब्धियों की ओर बढ़ें।*

मुख्य सम्पादक

"आपके पैसे सिर्फ आपकी जीवन शैली तय करते है
आपके जीवन की प्रकृति नहीं
आपके जीवन की प्रकृति इससे होती है कि
आप कितने खुले हुए और उल्लासमय है।" – सदगुरू


**सम्पादक मण्डल**

मुख्य सम्पादक : राकेश कुमार कौशिक

: सम्पादन समिति :

क्षमा आर. कौशिक, तरुण शर्मा, नानूलाल प्रजापति, लक्ष्मण सिंह चौहान, ईश्वर शर्मा


## "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षमा कौशिक सम्मानित"

पत्रिका का नारी शक्ति सम्मान समारोह, शहर की महिलाओं को किया सम्मानित

### महिलाएं नहीं किसी से कम, पहचानें अपनी शक्ति

पत्रिका महिला सम्मान



इन्हें मिला नारी शक्ति सम्मान • पूजा रॉय चौहान, निदेशक देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल • डॉ. विभूति गक्खड़, नेत्र रोग विशेषज्ञ • नीतू सिंह, शिक्षिका • दुर्गश सांखला, लोको पायलट रेलवे • दीपिका लालवानी, हैप्पीनेस कोच एवं सोशल एक्टिविस्ट • कमलेश तड़ागी, अन्तरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी • भाविका यादव, सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी • ममता, महिला चालक (जीआरपी) • **क्षमा काकड़े कौशिक, मुख्य कार्यकारी एवं सचिव, राजस्थान महिला कल्याण मंडल** • डॉ. रेखा मेहरा, प्राचार्य, इंजीनियरिंग कॉलेज बड़ल्या • डॉ. पूनम पांडे, कवयित्री एवं साहित्यकार • अनिता राज, राजस्थान पुलिस सेवा



दिनांक 13 मार्च 2022 को हिन्द सेवा दल, अजमेर द्वारा संचालित लक्ष्य मानवता सेवा संस्थान, अजमेर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित समारोह में संस्था मुख्य कार्यकारी एवं सचिव श्रीमति क्षमा आर. कौशिक को समाज में किये गये श्रेष्ठ कार्यों को देखते हुए "महारानी लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय सम्मान" प्रदान किया गया।

# सुर्खियां जनवरी 2022 से मार्च 2022



**नववर्ष पर सेवा कार्य आयोजित :** दिनांक 4 जनवरी 2022 को दिव्यांग बच्चों की सेवा हेतु शिव युवा शक्ति ग्रुप अरड़का द्वारा नववर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र कुमार सेन (समाज सेवी) श्री आशिष महेश्वरी, आशिष जनरल स्टोर लोहागल, श्री हेमराज रावत आदि द्वारा किया गया। नववर्ष के अवसर पर श्री सेन ने दिव्यांग बच्चों के संग केक काटकर जन्मदिन की खुशियां बांटी और अल्पाहार करवाया।




**सर्दी से बचाव के लिए सेवा कार्य, जुराब वितरण कार्यक्रम :** दिनांक 17 जनवरी 2022 लोढा परिवार, अजमेर द्वारा मीनू स्कूल के 100 बच्चों को जुराब देकर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर श्री अमित कुमार लोढा ने बच्चों ने को अल्पाहार करवाया। मीनू स्कूल के विशेष शिक्षक सन्नी कान्हेकर ने आभार व्यक्त किया।



**प्रिन्टर भेंट कार्यक्रम :** दिनांक 22जनवरी 2022 मीनू स्कूल चाचियावास में श्री दिगम्बर जैन तेरापंथ महिला मण्डल मदनगंज किशनगढ़ द्वारा दिव्यांग बच्चों के संग मानव सेवा कार्य का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती अंजू छाजेड़, कार्यक्रम अध्यक्षा श्रीमती करूणा जैन, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा आर. कौशिक आदि द्वारा सरस्वती पूजन कर किया। मंण्डल की ओर से विद्यालय को प्रिंटर भेट किया गया।



**जन्मदिन आयोजन :** दिनांक 24जनवरी 2022 मीनू स्कूल के बच्चों के संग जन्मदिन मनाकर श्री ललित कुमार सी. ए. हरी भक्ति एसोसिएट, अजमेर ने अल्पाहार करवाकर जन्मदिन की खुशियां बाटी। प्रधानाध्याक ईश्वर शर्मा ने आभार व्यक्त किया।






**गणतंत्र दिवस समारोह :** दिनांक 26जनवरी 2022 राजस्थान महिला कल्याण महिला मण्डल, चाचियावास में दिव्यांग जन के संग गणतंत्र दिवस आयोजित किया गया मुख्य अतिथि श्री राकेश पालीवाल समाज सेवी, कार्यकम अध्यक्ष श्रीमती मधु पाटनी श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति, विशिष्ट अतिथि श्री निलेश अग्रवाल अध्यक्ष लॉयंस क्लब आस्था, श्री अतुल पाटनी लॉयंस क्लब आस्था, श्रीमती क्षमा.आर कौशिक सचिव एवं मुख्य कार्यकारी के द्वारा गणतंत्र दिवस उपलक्ष्य के अवसर पर बच्चों को बेग वितरित कर अल्पाहार करवाया गया।



**उत्तम भोजन एवं जन्मदिन आयोजन :** दिनांक 28जनवरी 2022को मीनू स्कूल चाचियावास के बच्चों के संग जन्मदिन का आयोजन श्रीमती आशा जी ( पुलिस लाइन अजमेर )द्वारा किया गया जिसमें अपने पुत्र दक्ष का केक बच्चों के संग मिलकर काटा तथा खुशियां बांटी संयुक्त निदेशक श्री अनुराग सक्सेना ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आज बच्चों ने उत्तम भोजन राजस्थानी दाल बाटी चुरमे का आनन्द लिया।



**बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी से मुक्त अजमेर की कवायद :** दिनांक 2 फरवरी 2022 राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास की ओर से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन के सहयोग से अजमेर को बाल यौन शोषण ,बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी से मुक्त कराने के लिए एन्श्योरिंग एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रामपाल जाट, श्री सुरेश सिंधी सेवा निवृत्त आर.ए.एस., श्री अमित शास्त्री निदेशक, आर्यभट्ट कॉलेज और संस्था की मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा.आर.कौशिक एवं निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक द्वारा की गई।





**बसंतोत्सव एवं सरस्वती पूजन :** दिनांक 5 फरवरी 2022 मीनू स्कूल एवं सागर कॉलेज चाचियावास में बसंतोत्सव एवं सरस्वती पूजन का शुभारम्भ श्रीमती क्षमा.आर.कौशिक और श्री राकेश कुमार कौशिक द्वारा किया गया। सागर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बंसतोत्सव पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर वॉकेशनल के बच्चों ने ग्रिटिंग कार्ड बनाकर संस्था प्रतिनिधियों को भेंट किये।






**पुण्य स्मरण पर दिव्यांगजन को भोजन करवाया स्व. कॉमरेड उमरावमल पुरोहित जी पुण्य तिथि पर :** दिनांक 27फरवरी 2022 नार्थ वेस्टर्न रेल्वे एम्पलॉज यूनियन विद्युत कारखाना अजमेर रेल मजदूर आंदोलन के पितामह एव अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक नेता स्व. कॉमरेड उमरावमल पुरोहित जी की पुण्य तिथि का आयोजन दीप प्रज्ज्वलन कर श्री कमलेश शर्मा, श्रीमती उषा जैन, श्री प्रकाश कुमार आदि ने किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को उत्तम भोजन करवाकर सेवा कार्य किया।





**ब्रज होली महोत्सव**: दिनांक 16 मार्च 2022 मीनू स्कूल एवं सागर कॉलेज चाचियवास में अग्रवाल महिला समिति अजमेर द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती पूर्वी अग्रवाल अध्यक्ष, अग्रवाल महिला समिति अजमेर कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती पलवी अग्रवाल और श्रीमती तरूणा अग्रवाल, श्रीमती अनिता अग्रवाल, श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती सुनीता गोयल, श्रीमती अनुपमा अग्रवाल, श्रीमती स्मिता अग्रवाल, श्री ललित महेश्वरी गुरूकृपा एसोसिएट अजमेर , श्री शशांक कुमार समाज सेवी आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अग्रवाल महिला समिति अजमेर द्वारा बच्चों को अल्पहार करवाकर सेवा कार्य किया गया तथा श्री ललित माहेश्वरी द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण के लिए कम्प्यूटर भेंट किया। कार्यक्रम में मीनू स्कूल एवं सागर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया।




**रिंग द् बेल गतिविधि :** 16 मार्च 2022 को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय होशियारा व अरड़का मे घंटी बजाओ व रिंग द बेल गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा का अधिकार मिले और सामान्य बच्चों की तरह उनको जीने का अधिकार मिले इस अवसर पर राजकीय विद्यालय के संस्था प्रधान, अध्यापक गण ग्राम साथिन, आशा सहयोगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व वीना कश्यप सीबीआर कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**दिव्यांग जन सेवा कार्य :** दिनांक 21मार्च 2022,माहेश्वरी परिवार अजमेर द्वारा दिव्यांग बच्चों के संग सेवा कार्य कर अल्पाहार करवाया तथा गरीब एवं दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी भेंट कर जन्मदिन की खुशिया बांटी इस सेवा कार्य में श्री ललित महेश्वरी, श्री विपुल झंवर , श्रीमती मिनाक्षी झंवर, श्री सुमित मणियार आदि उपस्थित रहें।



**शहीदो को किया याद :** दिनांक 23 मार्च 2022 को मीनू मनोविकास मन्दिर इक्लूसिव स्कूल, चाचियावास में सुखदेव, भगत सिह, राजगुरू को याद कर शहीद दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों व शिक्षक गण ने पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि देकर आजादी में योगदान को याद किया तथा अन्त में इंकलाब जिन्दाबाद के नारे लगाये गये। कार्यक्रम का संचालन श्री ईश्वर शर्मा द्वारा किया गया।



**दिव्यांगजन को शिक्षण अधिगम होगा सुगम :** दिनांक 25 मार्च 2022 को राजस्थान महिला कल्याण मण्डल द्वारा मानसिक रूप से कमजोर दिव्यांग बच्चों को शिक्षण अधिगम सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो.हर्ष कुमार राजकीय विधि महाविद्यालय अजमेंर, श्री जसराज गुर्जर समाज सेवी, श्री गणेश गुर्जर गणेश टेंट हाउस चाचियावास, श्री सुबेश कुमार चौधरी निपमेड ,श्री करतार चौधरी पटवारी, श्री छित्तर गुर्जर वार्ड पंच ग्राम पंचायत चाचियावास, संस्था निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक, संयुक्त निदेशक श्री अनुराग सक्सेना एवं अति. निदेशक श्री तरूण शर्मा आदि द्वारा किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन




**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुई कार्यशाला:** दिनांक 12 मार्च 2022 को राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, लक्ष्मी कलश महिला मंच एवं दक्ष एम्पावर एबिलिटी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत विकास में महिलाओं की भागीदारी विषय पर आयोजित कार्यशाला में महिला अधिकारों पर खुल कर चर्चा हुई। महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला में अजमेर ग्रामीण पंचायत समिति प्रधान सीमा रावत, उप प्रधान मंजू गूर्जर, समाज सेवी (मेयो कॉलेज) प्रवीणा कुलकर्णी, मानव तस्करी विरोधी ईकाई अजमेर इन्चार्ज कल्पना राठौड़, आर्यभट्ट कॉलेज निदेशक रिद्धिमा शास्त्री, जन शिक्षण संस्थान उपाध्यक्ष वर्षा शर्मा, चाचियावास सरपंच संजू देवी गूर्जर, लक्ष्मी कलश महिला मंच अध्यक्ष कैलाश कंवर एवं सचिव सुनिता सैन आदि ने शिरकत करते हुए महिलाओं के हक एवं अधिकारों के बारे में विचार व्यक्त किए साथ ही राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक हर क्षैत्र में आगे आने एवं जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। संस्था निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक ने कहा कि स्वयं एवं परिवार के निर्णयों मे महिलाओं की भागेदारी आवश्यक है। संस्था मुख्यकार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने महिलाओं को एकजुट एवं जागरूक होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवं सागर कॉलेज छात्राओं सहित 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।



# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की झलकियां



"कार्यक्रम सम्बोधन"


"प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र"



"विजेता सम्मान"



"जीत की खुशी"


"मैं हूँ प्रथम"


"कुर्सी दौड़ना"


"हम जीतेगें"


"माण्डना"

# न्यूज कवरेज जनवरी से मार्च 2022

**पत्रिका सिटीजन**

## प्रदेश के कई जिलों में होगी बाल मित्र थानों की स्थापना

# अब 'पुलिस अंकल' बनेंगे बच्चों के दोस्त

*तरूण कश्यप @ अजमेर.* प्रदेश में बाल श्रम और बच्चों के साथ अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस इन अपराधों पर कार्रवाई कर लगातार लगाम कसने का प्रयास कर रही है। देखा गया है कि बाल अपराधों से जुड़े मामलों में कार्रवाई के दौरान सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को होती है। ऐसे मामलों में बच्चे जब थानों में जाते हैं तो उनकी मानसिकता पर गलत प्रभाव पड़ता है। थाने का माहौल और पुलिस की वर्दी को देखकर बच्चे सहम जाते हैं। बच्चों को इससे बचाने के लिए बाल आयोग और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन ने पुलिस के साथ मिलकर बाल मित्र थानों की स्थापना करने की योजना बनाई है। इसके तहत प्रदेश के 20 जिलों का प्राथमिक स्तर पर चयन कर 12 जिलों में बालमित्र थानों की शुरुआत की जा रही है।

पत्रिका स्पॉटलाइट

**अजमेर में क्रिश्चियनगंज और रामगंज थाने से शुरुआत**






क्रिश्चियनगंज थाना परिसर में निर्माणाधीन बाल मित्र थाना कक्ष।




योजना के तहत अजमेर के क्रिश्चियनगंज और रामगंज थाने का चयन किया है। पुलिस मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद इन थानों में बाल थाना संचालन की कवायद शुरू कर दी गई है। योजना के अनुसार इन दोनों थानों में अलग से कमरों में बाल थानों का संचालन किया जाएगा। कमरों के बाहर बालमित्र थाना लिखा जाएगा। थाने में बिना वर्दी के पुलिसकर्मी तैनात किया जाएगा। यहां बच्चों से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं होंगी। बच्चों की चिकित्सा एवं भोजन, लाइब्रेरी खिलौने सहित अन्य सुविधा उपलब्ध रहेंगी। फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक जिले के लिए लगभग डेढ़ लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है। इसमें स्थानीय भामाशाहों का भी सहयोग लिया जा सकता है। अजमेर में फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान महिला कल्याण मंडल इस काम को देख रहा है।

**अप्रेल से शुरू होने की उम्मीद**

प्रोग्राम मैनेजर नानूलाल प्रजापति ने बताया कि स्थानीय पुलिस से बातचीत के बाद गत माह क्रिश्चियनगंज और रामगंज थाने का चयन किया। मुख्यालय से अनुमति मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने उक्त दोनों थानों में बाल मित्र थाना संचालन की अनुमति दी है। क्रिश्चियनगंज थाना परिसर में अलग से कमरे का निर्माण कराया जा रहा है जबकि रामगंज थाने में पीछे बने एक कमरे को रिनोवेट कराया जाएगा। अगले महीने से दोनों बाल मित्र थानों के शुरू होने की पूरी संभावना है।

**प्रदेश के 12 जिलों का चयन**

अजमेर सहित उदयपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, सिरोही, भरतपुर, दौसा, जयपुर, बांसवाड़ा और जोधपुर जिले के दो थानों में बाल मित्र थाने खोले जाने की योजना है। यदि यह योजना कारगर होती है तो प्रत्येक जिले के थानों में इस तरह की व्यवस्था की जा सकती है।

**कार्यशाला में दिया था सुझाव**

कुछ माह पूर्व उदयपुर में बच्चों से जुड़े मामलों को लेकर एक कार्यशाला आयोजित हुई थी। इसमें पुलिस, एनजीओ और बाल अधिकारिता विभाग से जुड़े कई अधिकारी शामिल थे। इसमें डीएसपी चेतना भाटी ने महिला थानों की तर्ज पर प्रत्येक जिले में बाल मित्र थानों की स्थापना का सुझाव दिया था।

---

**राजस्थान पत्रिका** ब्यावर 25.03.2022

## वैक्सीन केरियर बॉक्स व हब कटर वितरित

जवाजा @ पत्रिका. राजस्थान महिला कल्याण मंडल संस्था ...

---

25-03-2022

**...वितरित**

...कार्यालय जवाजा के सभागार ...वास द्वारा स्टेनथन कोविड-1...

---

**मरुप्रहार** अजमेर, रविवार 13 मार्च 2022 3

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# अपने अधिकारों को स्वयं पहचान कर महिलाओं को आगे आना होगा-प्रधान सीमा रावत

...दैनिक मरुप्रहार

मदनगंज-किशनगढ़। राजस्थान महिला कल्याण ... कलश महिला मंच एवं दक्ष एम्पावर एबिलिटी फाउण्डेशन ...त्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत महिलाओं की भागीदारी विषय पर आयोजित कार्यशाला में ... पर चर्चा ... संस्था ...शक ... कुमार ... ने ...





... महिलाओं ने उत्साह से ... गिरधारी लाल दायमा, ...ति दी। संस्था संयुक्त ...री बद्रीनाथ तिवारी, ... लक्ष्मण सिंह चौहान, ...ा कंवर, टीना कंवर, ...भी, विक्रांत आदि ने ...प्रजापति ने किया। संस्था ... आर. कौशिक एवं निदेशक राकेश ...भिनन्दन पत्र एवं संस्था समृति चिन्ह भेंट कर ... का अभिनन्दन किया तथा खेल एवं प्रतियोगिताओं की विजेता महिलाओं को पुरस्कार वितरण कर उत्साहित किया।

---

## बच्चों को दुर्व्यवहार, उपेक्षा व शोषण से बचाना आवश्यक

**बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के मुद्दों पर वर्कशॉप का आयोजन**

कार्यशाला में बाल अधिकारों की जानकारी देते अधिकरण सचिव जाट।

चाइल्ड लाइन के सहायक संगठन राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास की ओर से जिले के पुलिस थानों के बाल कल्याण अधिकारियों व बाल संरक्षण से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के मुद्दों पर समन्वयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था द्वारा संचालित बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के मुद्दे जैसे बाल यौन शोषण, बाल श्रम, बाल तस्करी आदि पर समन्वयन स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रामपाल जाट ने कहा कि सभी विभागों एवं संस्थाओं के समन्वयन एवं इच्छाशक्ति से देखरेख एवं आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2015 ...

**विधि अनुरूप कार्रवाई करें**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह जानू ...

... अंजलि शर्मा ने बाल कल्याण को सर्वोत्तम बताते हुए अजमेर क्षेत्र में बालकों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं से बालकों को जोड़ने की जानकारी दी। इस मौके पर संस्था के निदेशक राकेश कौशिक, महिला अधिकारिता विभाग की रुचि मौर्य, मानव तस्करी विरोधी इकाई प्रभारी कल्पना राठौड़, सदस्य अरविन्द मीणा, रूपेश कुमार, श्रम निरीक्षक प्रियंका चौहान, नानूलाल प्रजापति आदि ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन क्षमा कौशिक ने किया।

---

**दैनिक भास्कर** अजमेर, गुरुवार 24 मार्च, 2022 | 4

## 'खेलें प्रतियोगिता' में दिव्यांग बच्चों ने भी दिखाया उत्साह, जीते पुरस्कार



ब्यावर | राजस्थान महिला कल्याण मण्डल संस्था चाचियावास अजमेर द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल ब्यावर परिसर में सम्मिलित खेल थीम पर साथ खेले इंक्लूसिव स्पोर्ट्स गतिविधि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिव्यांग और गैर दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। खेलों का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को इंक्लूसिव वातावरण और अवसर उपलब्ध करवाना है। ...

---

**दैनिक नवज्योति** Ajmer City - 23 Feb 2022

...के मुद्दों पर सभी का साझा...

---

**दैनिक भास्कर** अजमेर 24-03-2022

## दिव्यांगों को प्रमाण पत्र वितरित

---

**दैनिक आधुनिक राजस्थान** अजमेर 6 फरवरी, 2022

## तीन दिवसीय आमुखिकरण प्रशिक्षण सम्पन्न




अजमेर। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास के द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन के सहयोग से अजमेर को बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी से मुक्त कराने हेतु एन्शोरिंग एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के अन्तर्गत तीन दिवसीय स्टाफ इण्डक्शन प्रशिक्षण के दौरान संस्था के मुख्य लेखाधिकारी नेमीचन्द वैष्णव एवं शिक्षा कार्यक्रम उपनिदेशक रणसिंह चीता के द्वारा उपयोगी जानकारी दी गई। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक के अनुसार प्रशिक्षण में श्रम निरीक्षक प्रियंका चैहान ने बालश्रम की पहचान, रोकथाम एवं बचाव के साथ-साथ कानूनी प्रावधानों एवं श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संस्था मुख्यकार्यकारी क्षमा आर. कौशिक एवं साइक्लोजिस्ट देवयांगी सोनी ने बाल यौन शोषण एवं यौन शोषण, श्रम एवं तस्करी से पीड़ित बच्चों की काउंसलिंग के उद्देश्य, महत्व, तरीकों के बारे में जानकारी दी। संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना ने पॉजिटिव थिंकिंग, अतिरिक्त निदेशक तरूण शर्मा ने कोर्डिनेशन, लेखाधिकारी नेमीचन्द वैष्णव ने संस्था लेखा नियमों, उपनिदेशक रणसिंह चीता ने परियोजना में स्टेक होल्डर्स की भूमिका विषय के बारे में समझाया। लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत के द्वारा पौक्सो कानून, संस्था आई.टी. इन्चार्ज लक्ष्मण सिंह चैहान ने सोशियल मीडिया की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया। प्रशिक्षण का संचालन उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने किया एवं विक्रान्त बोयत ने सहयोग किया।

---

**दैनिक नवज्योति** Ajmer City - 04 Feb 2022

## ...रिंग एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन' परियोजना की शुरुआत

**अजमेर को बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी से मुक्त कराने की कवायद**

... महिला कल्याण ... की ओर से ... संस्था की मुख्य कार्यकारी ...शिक एवं निदेशक राकेश ...क ने किया। इस अवसर पर जाट ने मौजूद स्टाफ को बाल यौन शोषण, पोक्सो एक्ट, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न सेवाओं व योजनाओं की जानकारी दी। विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त वरिष्ठ आरएएस सुरेश सिंधी एवं आर्यभट्ट कॉलेज के निदेशक अमित शास्त्री ने स्टाफ को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्टिंग एवं डोक्यूमेंटेशन ऑफिसर श्रेया शर्मा ने संस्था की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। अन्त में संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा कौशिक ने आभार जताया। संचालन नानूलाल प्रजापति ने किया।

---

अजमेर 25-03-2022

## ...वातावरण में बच्चों का हित सर्वोपरि'



... किया। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि सचिव रामपाल जाट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी के साझा प्रयासों से हम बाल कल्याण के मुद्दों पर बेहतर कार्य कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों से बाल यौन शोषण रोकने में साझा भूमिका सुनिश्चित की जा सकती है। जाट ने कहा कि हमें बाल मित्र वातावरण के लिए ... भी ध्यान में रखते हुए काम करने की जरूरत है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर आशुतोष नेमा ... सहायक निदेशक प्रमोद... यौन व्यवहार एवं बाल ... को समझाते हुए पोक्सो ... के विभिन्न अध्याय एवं धारा... पीड़ित बच्चे के पुनर्वास ... बारे में ...

---

**राजस्थान पत्रिका** 20.02.2022

## सुहावा में वैक्सीनेशन शिविर



...में वैक्सीनेशन शिविर में मौजूद ग्रामीण।

...पत्रिका. ग्राम पंचायत ...वैक्सीनेशन शिविर ... गया। शिविर में ...ग्रामीणों के वैक्सीन ...राजस्थान महिला ...चाचियावास के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान रणसिंह चीता, नरेंद्र वैष्णव, ज्योति रावत, दुर्गाप्रसाद, वीरेंद्रसिंह, साहबुद्दीन, सरोज, कंचन, वर्षा आदि मौजूद रहे।

---

**दैनिक नवज्योति** Ajmer City - 13 Mar 2022

## कार्यशाला में महिला अधिकारों पर चर्चा

**अजमेर।** राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, लक्ष्मी कलश महिला मंच व दक्ष एम्पावर एबिलिटी फाउण्डेशन की ओर से महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत विकास में महिलाओं की भागीदारी विषय पर आयोजित कार्यशाला में महिला अधिकारों पर चर्चा की गई। प्रधान सीमा रावत, उपप्रधान मंजू गूर्जर, प्रवीणा कुलकर्णी, कल्पना राठौड़, क्षमा आर. कौशिक, रिद्धिमा शास्त्री, वर्षा शर्मा आदि ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में विचार व्यक्त किए। साथ ही राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे आने एवं जागरुक होने के लिए प्ररित किया। इस दौरान गीत, नृत्य, मनोरंजक खेलों एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

---

**राजस्थान पत्रिका** अजमेर, रविवार, 13 मार्च, 2022

## महिलाओं की भागीदारी

# 'अधिकारों को ... करने के लिए ...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, लक्ष्मी कलश महिला मंच एवं दक्ष एम्पावर एबिलिटी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत विकास में महिलाओं की भागीदारी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि कार्यशा... पंचायत ... रावत, ... प्रवीणा ... राठौड़, ... शर्मा, सं... कंवर ... महिलाओ... अधिका... व्यक्त कि... महि... राजनैति... सामाजि... एवं जाग...

---

**दैनिक नवज्योति** Ajmer...

## शिक्षण अधिगम सामग्री के 16 किट ब...



**अजमेर।** राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास के सं... में मानसिक रूप से कमजोर दिव्यांग बच्चों को आर.सी. निपिड के सह... से शिक्षण अधिगम सामग्री के 16 किट वितरित किए गए। संस्था के रा... कौशिक ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय विधि महाविद्या... के प्रो. हर्ष इनाणिया रहे।

## We Need You !

## संस्था से निम्न प्रकार जुड़कर आप सहयोग कर सकते है :-

- **डोनेशन बॉक्स रखकर** : अपने शोरुम, हॉस्पीटल, मेडीकल शॉप, दुकान आदि पर डोनेशन बॉक्स स्थापित कर मदद कर सकते है।
- दिव्यांगो द्वारा वुडन, स्टेशनरी आइटम एवं खाद आदि बनाई जाती है।

**इन्हे खरीद कर आप दिव्यांगों का उत्साहवर्धन कर सकते है।**








## स्वयं सेवक (Volunteer) के रूप में :




## राजस्थान के प्रथम सर्व सुविधा सम्पन्न "शीघ्र हस्तक्षेपण केन्द्र" के निर्माण में सहयोग करके



**कक्षा–कक्ष**
**अनुमानित लागत : रु. 14.82 लाख**



**लिफ्ट**
**अनुमानित लागत : रु. 10 लाख**

मुद्रित सामग्री | बुक पोस्ट

**राजस्थान महिला कल्याण मण्डल**
"विश्वामित्र आश्रम"
ग्राम–चाचियावास, (जनाना अस्पताल से 4 किमी आगे),
सीकर रोड, जिला–अजमेर 305023 (राज.)
E-mail : rmkm_ajm@yahoo.com Ph.# : 0145-2794481
Mob. : 9829140992 Website www.rmkm.org.in

सौजन्य : Vibha
मुद्रक : प्रगति प्रिन्टर्स, पुरानी मंडी, अजमेर